

काफी समय से नहीं खेल रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट

हरभजन सिंह काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग में वह मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते रहे हैं। हालांकि हाल ही में एक खबर आई थी कि वह जल्द ही संन्यास की घोषणा कर कोचिंग की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि वह भारत में हुए आईपीएल 2021 में कुछ मैच खेले थे लेकिन यूएई में उन्हें प्लेइंग इलेवन में उतरने का मौका नहीं मिला था।

## हरभजन सिंह ने पूछा, पहचानो तो मानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनुभवी स्पिनर हरभजन सिंह ने अंडर–19 क्रिकेट के दौर की यादों में खो गए हैं। उन्होंने एक तस्वीर साझा करते हुए फैंस से उनके साथ खड़े खिलाड़ियों के बारे में पूछा है। हरभजन ने 1997–98 के अंडर–19 की तस्वीर साझा की हैं। यह तस्वीर साउथ अफ्रीका में हुए अंडर–19 वर्ल्ड कप की हैं। हरभजन के साथ जो खिलाड़ी हैं वे इमरान ताहिर और हसन रजा हैं। ये दोनों पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमें फाइनल तक नहीं पहुंच पाई थीं। भारत ने डरबन में हुए मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। हरभजन ने सात ओवरों में 26 रन देकर शोएब मलिक का विकेट लिया था। मलिक अब भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। वहीं इमरान ताहिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट साउथ अफ्रीका की ओर से खेला। इस बीच, हरभजन ने फैंस मजाक करते हुए पूछा है, पहचानो तो मानें.... अंडर–19 वर्ल्ड कप के दिन 1998–99। हरभजन सिंह का अंडर–19 वर्ल्ड कप में ठीक–ठाक प्रदर्शन रहा था। उन्होंने छह मैचों में 3.44 के इकॉनमी रेट के साथ आठ विकेट लिए थे।

# कप्तानी में कोहली का रिकॉर्ड शानदार है, उन्हें हटाना गलत


क्रिकेट

## विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटाए जाने पर भड़के मदन लाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विराट कोहली की वनडे कप्तानी का जाना इन दिनों क्रिकेट की दुनिया में काफी चर्चित विषय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को विराट के स्थान पर रोहित शर्मा को वनडे इंटरनैशनल टीम का नया कप्तान नियुक्त किया। विराट ने टी20 इंटरनैशनल की कप्तानी पहले ही छोड़ दी थी। विराट ने टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही ऐलान कर दिया था कि इस टूर्नमेंट के बाद वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की कप्तानी से हट जाएंगे। उन्होंने कहा था कि बाकी दो फॉर्मेट में कप्तानी करते रहेंगे।

विराट को कप्तानी से हटाए जाने के फैसले को कुछ लोग सही बता रहे हैं वहीं कुछ ऐसे भी हैं जिनकी राय में यह फैसला सही नहीं है। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर और मुख्य कोच रहे मदन लाल का



मानना है कि विराट को हटाना सही नहीं है।

कुल मिलाकर विराट कोहली का वनडे में कप्तानी रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। कोहली का वनडे में जीत का रिकॉर्ड 70 फीसदी से ज्यादा है। इसी वजह से मदन लाल का मानना है कि कोहली को हटाने की कोई जरूरत नहीं थी। लाल ने कहा कि दो साल बाद भारत में होने वाले 50 ओवर वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करनी चाहिए।

मदन लाल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सिलेक्टर्स की इस बारे में क्या सोच थी। लेकिन अगर कोहली अच्छे नतीजे दे रहे थे तो उन्हें बदलने की क्या जरूरत थी? मैं समझ सकता हूं कि उन्होंने टी20 की कप्तानी छोड़ी क्योंकि बहुत ज्यादा क्रिकेट हो रहा है और वह बाकी दो फॉर्मेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

मदन लाल ने कहा, लेकिन आप अगर कामयाब हैं और उसके बाद भी आपको हटाया जाता है तो यह उन्हें चुभेगा। मुझे लगता था कि कोहली 2023 वर्ल्ड कप तक टीम के कप्तान रहेंगे। एक टीम बनाना बहुत मुश्किल है लेकिन उसे आसानी से बर्बाद किया जा सकता है। मुझे नहीं लगता कि सिलेक्टर्स की इस बारे में क्या सोच थी। लेकिन अगर कोहली अच्छे नतीजे दे रहे थे तो उन्हें बदलने की क्या जरूरत थी? मदन लाल का यह बयान सौरभ गांगुली के उस बयान से उलट है जिसमें उन्होंने कहा था कि सीमित ओवरों के दो प्रारूपों में दो अलग कप्तान होना दुविधा पैदा करता। लाल ने कहा कि जब कोहली टेस्ट टीम के कप्तान थे तो महेंद्र सिंह धोनी वनडे और टी20 टीम की कप्तानी कर रहे थे। कोहली ने दो साल से अधिक समय तक ऐसा किया।

# कुछ लोग मुझे कोच बनने नहीं देता चाहते थे... रवि शास्त्री का छलका दर्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रवि शास्त्री भले ही अब टीम इंडिया के कोच नहीं हो, लेकिन उन्होंने ये जिम्मेदारी तब संभाली थी, जब उनका कमेंट्री करियर शबाब पर था। भारत के लिए 80 टेस्ट, 150 वनडे खेलने वाले शास्त्री 1983 विश्व विजेता टीम के अहम खिलाड़ी थे। छह गेंदों में छह छक्के लगा चुके इस दिग्गज ने एक मैच में भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी भी की थी। 2017 में सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण वाली क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने उन्हें भारतीय टीम का हेड कोच बनाया था। अपना कॉन्ट्रेक्ट खत्म होने के बाद रवि शास्त्री ने कई अहम खुलासे किए हैं।

**लगा था जैसे गलती कर रहा हूं**



2007, 2014, 2017... कई मायनों में, मैंने सोचा, मैं इस जिम्मेदारी को संभालकर गलती कर रहा हूं क्योंकि मैं ऐसा करने के लिए तैयार नहीं था। 2012 और 2014 के बीच लगातार विदेशी हार के बाद भारतीय क्रिकेट फिर से अच्छी स्थिति में नहीं था। मैंने 2014 में स्टार के साथ नया कॉन्ट्रेक्ट साइन किया था, जब बीसीसीआई ने मुझे अपने साथ जुड़ने का निमंत्रण भेजा। तब किसी पैसे की बात नहीं हुई थी, सबकुछ मुंहजबानी था। एन. श्रीनिवासन एक बेहतरीन प्रशासक थे, बिलकुल शरद पवार की तरह।

**किसने की रवि शास्त्री के खिलाफ साजिशः** जिस तरह से मुझे टीम से निकाला गया, बहुत दुख हुआ। ये तरीका सही नहीं था। मुझे हटाने के और भी कई बेहतर तरीके हो सकते थे। जब मैं टीम छोड़कर गया था तो वह अच्छी स्थिति में थी। मेरे दूसरे कार्यकाल में मैं काफी विवादों के बाद आया था। जो लोग मुझे बाहर रखना चाहते थे, ये उनके मुंह पर करारा झापड़ था। बीसीसीआई में कुछ लोग मुझे और भरत अरुण को बतौर कोच नहीं देखना चाहते थे, जिसे वो गेंदबाजी कोच नहीं बनाना चाहते थे, वो भारत के सबसे शानदार गेंदबाजी कोच बने।

## वीवीएस लक्ष्मण ने की मयंक अग्रवाल की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और जल्द ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख का पद संभालने वाले वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि मयंक अग्रवाल के न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन से उनके आत्मविश्वास का पता चलता है।

रोहित शर्मा और केएल राहुल की अनुपस्थिति में सीरीज में खेले सलामी बल्लेबाज अग्रवाल कानपुर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने 150 और 62 रन की शानदार पारियां खेलीं जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

लक्ष्मण ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, 'उन्होंने अपने आत्मविश्वास को बहुत अधिक महत्व दिया। उन्हें फॉर्म में वापसी करके इस तरह का प्रदर्शन करते हुए देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि वह उसी मानसिकता के साथ खेले जैसे कि वह प्रथम श्रेणी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलते हैं।' लक्ष्मण ने स्पिनरों के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी को बेजोड़ करार दिया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने विशेषकर एजाज पटेल के खिलाफ कुछ बेजोड़ शॉट खेले।

## न्यूज डायरी



### केवाइसी अपडेट के नाम पर ठगा गया पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली ठगी का शिकार हो गए। जालसाजों ने उन्हें एक लाख से भी ज्यादा रुपये की चपत लगा दी। बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अनजान शख्स के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। केवाईसी अपडेट के नाम पर विनोद कांबली से 1,13,998 रुपये के ठगी हो गई। पूरा मामला 3 दिसंबर का बताया ज रहा है। ऑनलाइन धोखेबाज ने फोन पर खुद को एक प्राइवेट बैंक का कर्मचारी बताया। कांबली से उनके बैंक की डिटेल मांगी ताकि केवाईसी जानकारी अपडेट की जा सके। जैसे ही धोखेबाज को इसकी जानकारी मिली उसने कई बार में एक लाख से ज्यादा रुपये अकाउंट से पार कर दिए। बांद्रा पुलिस को जैसे ही शिकायत मिली उसने साइबर पुलिस और बैंक की मदद से पैसों का लेनदेन रिवर्स करवा लिया। अब पुलिस उस अकाउंट होल्डर की डिटेल निकालने में लगी है, जिसके खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। मेरे पैसे वापस दिलाने में मेरी मदद करने के लिए मैं पुलिस का शुक्रगुजार हूं।

### आकाश चोपड़ा ने बताया साल 2021 का बेस्ट टेस्ट व टी20 बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2021 लगभग खत्म होने वाला है उससे ठीक पहले टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज व कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने इस साल के बेस्ट टेस्ट व टी20 भारतीय बल्लेबाज का चयन किया। इसके अलावा उन्होंने बेस्ट डेब्यूटेंट खिलाड़ी का भी चयन किया। आकाश चोपड़ा ने रोहित शर्मा को इस साल का बेस्ट टेस्ट व टी20 बल्लेबाज करार दिया जबकि अक्षर पटेल को बेस्ट डेब्यूटेंट खिलाड़ी के तौर पर चुना। आकाश चोपड़ा ने इन खिलाड़ियों का चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर किया है जो काफी सटीक भी लगता है। रोहित शर्मा की बात करें तो उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए कुल 906 रन 47.68 की औसत से बनाए हैं जबकि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 150.88 की स्ट्राइक रेट के साथ 424 रन बनाए हैं। टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 38.54 का रहा है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि, उनके दिमाग में कई सारे नाम हैं।

### अपनी जगह बनाए रखने के लिए यह काम भी करने को तैयार हैं मयंक अग्रवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ओपनर बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। खास तौर पर मुंबई टेस्ट मैच की दोनों पारियों में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की थी और पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया था। अब मयंक अग्रवाल ने टीम इंडिया में अपनी बल्लेबाजी को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वो टीम में किसी भी जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार हैं और उन्हें जिस पोजीशन पर बल्लेबाजी के लिए कहा जाएगा वो वहीं पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको बता दें कि मयंक ओपनर बल्लेबाज हैं और अब जरूरत के मुताबिक किसी भी क्रम पर अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए बेताब हैं। मयंक अग्रवाल का टेस्ट करियर खतरे में था, लेकिन जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने खुद को साबित किया।

### पिछले तीन आइसीसी टूर्नामेंट्स में टीम इंडिया को जीत क्यों नहीं मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के सिमित प्रारूप में एक नए युग की शुरुआत रोहित शर्मा के रूप में हो चुकी है। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद उन्हें भारतीय टी20 टीम का कप्तान बना दिया गया था तो वहीं पिछले बुधवार को उन्हें वनडे टीम की कमान भी सौंप दी गई। कोहली की जगह उन्हें दोनों टीमों का कप्तान बनाया गया जबकि वो टेस्ट टीम की कप्तानी करते रहेंगे। भारतीय वनडे टीम की कप्तानी संभालने के बाद रोहित शर्मा ने आइसीसी के टूर्नामेंट्स में टीम इंडिया की हार की बड़ी वजह सबको बताई। आपको बता दें कि सिमित प्रारूप में आइसीसी के पिछले तीन टूर्नामेंट्स में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था और खिताबी जीत नहीं मिली थी।